वर्ष 1 - अंक 18
सोमवार 9 दिसम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# 9 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

## महापौर एवं विधायक द्वारा वार्ड क्रमांक 49 में विकास कार्य.....

### हर जन प्रतिनिधि साल में दो बार विकास कार्यों का दे रिपोर्ट कार्ड- महापौर

### क्षेत्र में वर्षा जल संरक्षण पर हो काम तो नहीं होगी पानी की समस्या- विधायक

### तिलक नगर एवं आसपास की कॉलोनी में डलेगी सीवर एवं पेयजल लाइन

### महापौर द्वारा पेयजल लाइन एवं सीवर लाइन के साथ ही उद्यान विकास एवं कम्युनिटी हॉल निर्माण की घोषणा

इंदौर। महापौर परिषद सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद वार्ड क्रमांक 49 राजेश उदावत ने बताया कि शहर में किये जा रहे विकास कार्यों के श्रृंखला में आज वार्ड क्रमांक 49 में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक श्री महेंद्र हार्डिया द्वारा राशि रुपए 9 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, पूर्व सभापति श्री अजय सिंह नरूका, महापौर परिषद सदस्य श्री राजेश उदावत, श्री नंदकिशोर पहाड़िया, श्री अभिषेक शर्मा, पार्षद श्रीमती मुद्रा शास्त्री, श्री मलखान सिंह कटारिया, महापौर प्रतिनिधि श्री विवेक सिंहा, पूर्व पार्षद श्रीमती आशा होला सोनी, मंडल अध्यक्ष श्री रामबाबू यादव, श्री विक्रम शेखावत, वार्ड अध्यक्ष श्री तीरथ पाल एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा

कि इंदौर शहर के आगामी वर्ष 2040-50 के विकास को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर शहर को डिजिटल सिटी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम इंदौर द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में नगर निगम इंदौर स्वयं का डिजिटल पोर्टल बना रहा है, एक डिजिटल कार्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य श्री राजेश उदावत जी के वार्ड में आज 9 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। महापौर श्री भार्गव ने कहा कि शहर के समस्त पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को साल में दो बार अपने विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिये यह कार्य महापौर परिषद सदस्य श्री उदावत जी द्वारा आज रखा गया है।




हमारे निगम परिषद के गठन के पश्चात अब तक 800 किलोमीटर पेयजल लाइन, 600 कि ड्रेनेज लाइन के साथी शहर में 25 से अधिक छोटे बड़े पुल पुलियाओं का निर्माण एवं वर्तमान में 500 करोड़ की लागत से शहर में 21 प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य किया जाना है।

इंदौर इंटरनेशनल प्लेटफार्म पर आ रहा है, विगत दो वर्ष के अंदर इंदौर में देश एवं विदेश विभिन्न राजनीतिक एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसे सफल बनाने में इंदौर शहर के जन्म प्रतिनिधियों के साथ ही शहर के जागरूक नागरिकों एवं निगम कर्मचारी एवं अधिकारियों की प्रमुख भूमिका रही है। इस अवसर पर भार्गव द्वारा वार्ड क्रमांक 49 के अंतर्गत तिलक नगर बख्तावर रामनगर महावीर नगर संगीत नगर एवं अन्य ऐसे क्षेत्र जहां पर सीवर लाइन एवं पेयजल लाइन की आवश्यकता है वहां पर लाइन डालने एव क्षेत्र में कम्युनिटी हॉल निर्माण और उद्यान विकास की की घोषणा की गई।

महेंद्र हार्डिया ने कहां की नगर निगम ने इंदौर शहर के वर्षा जल संग्रहण के लिए जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अभियान चलाया था उसमें अगर वार्ड क्रमांक 49 के रह वास सहयोग करेंगे तो इस क्षेत्र में कभी भी कोई बोरिंग नहीं सुखेगा, मेरा आप सभी से आग्रह है कि अपने-अपने घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगाए और वर्षा जल को संग्रहित करें।

### श्री हार्डिया ने कहा

कि माननीय महापौर जी ने जब निगम परिषद में महापुर की शपथ ली थी उसे समय नगर निगम इंदौर पर 500 से 700 करोड़ का कर्ज था, किंतु महापुरुष श्री भार्गव के कुशल नेतृत्व एवं नवाचार के परिणाम स्वरूप आज नगर निगम इंदौर ने अपने कर्ज को आधा से भी ज्यादा कम कर दिया है और आज इस वार्ड में 9 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया जा रहा है, विधायक श्री हार्डिया ने नगर निगम इंदौर को इस अवसर पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन देने की घोषणा की गई।

महापौर परिषद सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत ने कहा कि आज वार्ड क्रमांक 49 में महापौर श पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक श्री महेंद्र हार्डिया द्वारा रुपए 9 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया, जिससे इस वार्ड की दशा एवं दिशा बदलेगी। इस अवसर पर श्री उदावत द्वारा संविद नगर स्थित खदान के पास कम्युनिटी हॉल निर्माण उद्यान विकास एवं होकर झोन निर्माण हेतु महापौर श्री भार्गव से मांग की गई।

### भूमिपूजन

वंदन नगर सी-79 से अर्चना मेडिकल तक स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना, गोयल नगर जैन मंदिर से महावीर नगर उद्यान तक स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना, तिलक नगर मुक्तिधाम से बड़ी ग्वालटोली नाले तक स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना, श्री जी वाटिका में सम्पूर्ण रोड़ का सीमेंटीकरण करना, महावीर नगर पानी की टंकी की कम्पाउण्ड वॉल का निमार्ण करना, संवीद नगर में अम्मा कॉम्प्लेक्स से म.न. 150/3 तक रोड़ का सीमेंटीकरण करना, तिलक नगर एक्सटेंशन में म.न. 51 के पीछे बैक लाईन में रोड़ का सीमेंटीकरण करना, कृषि विहार कॉलोनी में बगीचे के आसपास पेव्हर ब्लॉक लगाना व रीफिक्सिंग कार्य करना, तिलक नगर मेनरोड़ पर स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना, गोयल नगर, महावीर नगर एवं साईनाथ कॉलोनी में स्ट्रॉम वॉटर लाईन डालना, तिलक नगर स्थित गली न. 11 में श्री कृष्ण पब्लिक स्कुल से अग्रवाल स्टोर्स तक गली का चौड़ीकरण कर स्टॉर्म वॉटर लाईन डालकर सीमेंट कांक्रीट कार्य करना, साइन नाथ कॉलोनी सेक्टर सी को उत्कर्ष उद्यान विकसित, वार्ड 49 के अंतर्गत पांच उद्यानों की प्रकाश व्यवस्था का नवीनीकरण एवं ग्रीन बेल्ट में प्रकाश व्यवस्था, गोयल नगर मे म.न. 445 से 490 तक ड्रेनेज लाईन डालना, विनोबा नगर में शिव मिर्ची वाले से विनोबा नगर खदान तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, तिलक नगर एस्क्सटेंशन में म.न. 216 से म.न. 224 तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, झोन 10 वार्ड 49 अंतर्गत राज श्री वाटिका में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, झोन 10 वार्ड 49 गोयल नगर रिजेन्सी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, झोन 10 वार्ड 49 अंतर्गत श्रीजी वाटिका में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, झोन 10 वार्ड 49 तिलक नगर मुक्तिधाम से लेकर महावीर नगर पानी की टंकी तक सीवर लाईन डालना, झोन 10 वार्ड 49 581/1 विनोबा नगर से लेकर 109/3 संविद नगर तक सीवर लाईन डालना, झोन 10 वार्ड 49 अंतर्गत वंदना नगर में नवीन सीवर लाइन डालना। (पाषर्द निधी) से भूमि पूजन किया गया।

### लोकार्पण

वार्ड अंतर्गत पुष्प वाटिका, साईनाथ कॉलोनी, गोयल नगर, वंदना नगर सेक्टर बी एवं सेक्टर 3 एवं कृषि बिहार के उद्यानों में झूले फिसल पट्टी एवं ओपन जीम, तिलक नगर एक्सटेंशन, संविद नगर में रोड एवं बख्तावर नगर में बोरिंग, संविद नगर में झाडु वाली गली में नवीन डेनेज लाईन डालना।, संविद नगर में म.न. 118/3 से राम सिलावट जी के मकान तक ड्रेनेज लाईन डालना, संविद नगर में म.न. 132 से महावीर नगर म.न. 01 तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, गोयल नगर म.न. 421 से शक्ति नगर म.न. 19 तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, गोयल नगर में म.न. 45 से म.न. 158, 159 होते हुवे महावीर नगर पानी की टंकी तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, संविद नगर में म.न. 47/3 से संतोषी माता मंदिर तक नवीन ड्रेनेज लाईन डालना, गोयल नगर रीजेंसी में चमेली पार्क के पीछे मकान नंबर 445 से अर्चना मेडिकल तक स्टांप वाटर लाइन, विनोबा नगर खदान में संजीवनी क्लीनिक का निर्माण, कृषि बिहार उद्यान की बाउंड्री वॉल एवं पाथवे का निर्माण, गोयल नगर एक्सटेंशन उद्यान का संपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

# आनंद मय हुआ शिव महापुराण का आयोजन







आदित्य शर्मा

इंदौर। राम बाग स्थित शिवमहापुराण का आयोजन किया गया जिसमें समस्त रामबाग वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया बाबा शिव की आराधना करी यह आयोजन राम बाग के पंद्रह नम्बर स्कूल में किया गया आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपनी सनातन संस्कृति को आगे ले जाना है। एवं आयोजन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें समस्त श्रद्धालुओं ने बाबा शिव का प्रसाद ग्रहण किया एवं आयोजन में निवेदन करता रुणिचा सरकार विकास नरवाले राम जी बुरुठ वीरेंद्र नरवाले आनंद सुनारतिया विक्की बिलरवान अंकित झंझोट प्रियांशु रौनक सागर सोनल अंकित योगेश जी गावरी गौतम जी गोड एवं सभी भक्त गण।



मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर समसामयिक एवं मध्यप्रदेश के विकास संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

## कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए शासन ने जारी किया है शी बॉक्स पोर्टल

चेतना 3.0 एवं महिला सुरक्षा संवाद,हम होंगे कामयाब पखवाड़े हेतु उत्कर्ष क्लासेज इंदौर में हुआ सेमिनार मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित हम होंगे कामयाब पखवाड़ा महिला सुरक्षा संवाद एवं भारत शासन के चेतना 3.0 के तहत जिला कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधौलिया सर के नेतृत्व ,मार्गदर्शन में आज दिनांक 7 दिसंबर 24 को उत्कर्ष क्लासेज इंदौर में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, महिला सुरक्षा संवाद



कार्यक्रम आयोजन किया गया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संदेश सुनाया गया, और डॉक्टर वंचना सिंह परिहार द्वारा महिलाओं बालिकाओं संबंधी कानून, वन स्टॉप सेंटर,1098, 1930 , 181, 112 ,ऊर्जा डेस्क की जानकारी दी गई। जेंडर संवेदनशीलता और भेदभाव उन्मूलन पर बात की गई। बच्चों को प्रैक्टिकल जीवन में आने वाली समस्याओं के निदान हेतु जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा शाखा के सबइंस्पेक्टर श्री शिवम् ठक्कर द्वारा साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलवाई गई।कार्यक्रम में श्री आयुष पांडे ,सिटी हेड ,उत्कर्ष क्लासेज इंदौर द्वारा ने बच्चो को प्रेरणात्मक उद्बोधन दिया और कार्यक्रम के लिए शासन को धन्यवाद दिया ।

दिनांक 6.12.2024 को ग्राम सदरौना के गौतम नगर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हमारे क्षेत्र के पार्षद जी बाबा साहब को फूल अर्पण और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और गांव की सभी महिलाएं वा बच्चे मिलकर श्रद्धांजलि दी।



# फर्जी Digital arrest

## ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देने वाला कन्नौज उत्तरप्रदेश का गैंग के 02 शातिर मास्टर माइंड आरोपी, इंदौर पुलिस की कार्यवाही में गिरफ्तार

सीनियर सिटीजन फरियादिया के साथ 46 लाख रू की हुई थी ऑनलाइन ठगी। आरोपी गैंग से जुड़े पुलिस के द्वारा ऑनलाइन ठगी से संबंधित 42 बैंक खातों को किया गया फ्रीज जिनमें मिले करोड़ों रूपए के ट्रांजैक्शन। गैंग के सदस्य, कॉल पर स्वयं को पुलिस अधिकारी, CBI अधिकारी, टेलीकॉम रेग्युलेशन अथोरिटी ऑफ इंडिया एवं कस्टम विभाग के अधिकारी होना बताकर फर्जी कूटरचित दस्तावेज भेजकर पुलिस केस में फंसाने का झूठ बोलकर ऑनलाइन पैसे प्राप्त कर, देते थे वारदात को अंजाम। गैंग सदस्यों को ठगी करने के लिए "फलाह दारेन मदरसा समिति" का करेंट बैंक अकाउंट, ठगी का 50% पैसा कमिशन लेने के लिए उपलब्ध कराता था। ठगी मे अन्य गैंग मेंबर्स को खाता उपलब्ध कराने के लिए आरोपी अपने मोबाईल फोन मे Sender नामक एप्लीकेशन एवं चाइना देश का VPN का उपयोग करता पाया गया।



इंदौर पुलिस द्वारा आरोपी का रिमांड प्राप्त कर की जा रही है विस्तृत पूछताछ। इंदौर कमिश्नरेट में लोगों से छलकपट कर अवैध लाभ अर्जित करते हुये आर्थिक ठगी करने वाले की पहचान कर विधिसंगत कार्यवाही करते हुये उनकी धरपकड़ करने हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में ऑनलाइन ठगी की शिकायतों में क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम को लगाया गया था।

इसी अनुक्रम में इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित NCRP पोर्टल पर 65 वर्षीय वृद्ध महिला इंदौर निवासी फरियादिया ने डिजिटल अरेस्ट के नाम से ऑनलाइन ठगी की शिकायत की थी जिसमें उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 11/09/2024 को सुबह मेरे मोबाइल नंबर पर व्हाट्सप्प कॉल आया, जिसने स्वयं को टेलीकॉम रेग्युलेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के दिल्ली हेड ऑफिस से इंक्वायरी ऑफिसर बताया व कहा कि आपके नाम से जिओ कंपनी की एक सिम रजिस्टर्ड है, जिसके माध्यम से इल्लिगल एडवरटाईजिंग और हैरसमेंट का अपराध किया गया है, इसलिये आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है आपके नाम से सारे फोन नंबर एक घंटे के अंदर बंद कर दिये जायेगें और कॉल डिस्कनेक्ट हो गया अन्य मोबाईल नम्बर से कॉल आया और बोला गया कि मै सीबीआई ऑफिसर बोल रहा हू आपके आधार कार्ड से दर्ज एक पार्सल कम्बोडिया भेजा गया है जो कि कस्टम विभाग में है और उस पर इंक्वायरी चल रही है आपके नाम की एक पासबुक भी निकली है जिसमें ड्रग्स, आतंकवाद, मनी लांड्रिंग के लिये करोड़ों के ट्रांजेक्शन मिले है आपके खिलाफ हमने वारंट निकाल दिया है जितने भी आपके पास पैसे हैं उसकी जानकारी हमें दीजिये नहीं तो ठीक नहीं होगा आप पर केस चल रहा है, आप सारा पैसा आरटीजीएस के जरिये हमें ट्रांसफर करिये आपने सारी जानकारी नहीं दी तो आपको और आपके बच्चों को जान का खतरा है, हमारे बताये खाते में सारा पैसा ट्रांसफर करो आप लगातार हमारी सर्विलेंस में रहेंगी और कुछ भी काम या किसी से कोई बात करने से पहले हमसे परमिशन लेंगी और इस संबंध मे किसी से भी कोई बातचीत की तो आपके लिये अच्छा नहीं होगा, दिनांक 13/09/2024 को मैने उनके बताये गये ICICI बैंक के खाते में 40,00,000/- रूपये RTGS के माध्यम से ट्रांसफर किये उसके बाद बंधन बैंक के खाते मे 6,00,000/- रूपये RTGS के माध्यम में ट्रांसफर किये। इस प्रकार अज्ञात व्यक्तियों ने मुझसे मेरे 46 लाख रूपये ले लिये, उनके द्वारा फोन पर मुझे ऑडियो एवं वीडियो कॉलिंग के माध्यम से डरा धमका कर घर मे मानसिक तौर पर अरेस्ट रखा गया और हर दस मिनट की जानकारी उनके द्वारा मुझसे ली गयी। उसके बाद मेरे द्वारा क्राइम ब्रांच व NCRP पोर्टल पर भी उपरोक्त घटना की शिकायत की गयी थी।

फरियादी की शिकायत पर क्राइम ब्रांच इंदौर थाने





में अपराध धारा 318(4), 308(2), 319(2), 336(3),338, 340(2), 238, 3(5), 61(2) BNS ke तहत् अपराध पंजीबद्ध।

उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में विवेचना के दौरान तकनीकी जानकारियों के आधार पर इंदौर क्राईम ब्रांच के द्वारा ग्राम सतौरा कन्नौज उत्तरप्रदेश राज्य से फलाह दारेन मदरसा समिति का प्रबंधक (1).आरोपी अली अहमद खान पिता साबिर खान उम्र 69 निवासी निवासी ग्राम सतौरा कन्नौज उत्तरप्रदेश, एवं सह–प्रबंधक (2) असद अहमद खान पिता अली अहमद खान उम्र 36 निवासी ग्राम सतौरा कन्नौज उत्तरप्रदेश, को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी द्वारा स्वयं को बीएड ग्रेजुएट होकर मूलतः ग्राम सतौरा कन्नौज उत्तरप्रदेश मे मदरसा चलाना अपना व्यवसाय बताते हुए ऑनलाइन ठगी करने वाली गैंग को अपने उक्त मदरसा समिती का बैंक खाता 50 प्रतिशन कमीशन पर उपलब्ध कराने का कार्य करना कबूला है। उक्त फर्जी डिजिटल अरेस्ट प्रकरण में इंदौर क्राइम ब्रांच के द्वारा आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर गैंग के अन्य सदस्यों एवं अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु पूछताछ की जा रही है।

# चोरी की वारदात

## सूनी दुकानो एवं मकानो की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर नकबजन पुलिस थाना हीरानगर की गिरफ्त में

शहर मे चोरी, लूट, डकैती एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने एवं आरोपियों की पहचान कर तत्काल विधिसम्मत कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है।

इंदौर उक्त निर्देशों के तारतम्य में हीरानगर पुलिस द्वारा दुकान में घुसकर चोरी करने वाले 02 आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गयी सम्पत्ति 13000/- रुपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त टामी एवं ओला स्कूटर को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 30.11.2024 को सूचनाकर्ता रमेश (परिवर्तित नाम) नि. जिला इन्दौर के द्वारा थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 26.11.2024 की रात के लगभग 12.30 जब मैं अपनी दुकान पर था तब मैं एवं मेरा भाई ताला लगाकर चले गया। अगले दिन सुबह लगभग 10.00 बजे मेरे पास के दुकान वाले ने सूचना दी की आपकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। उसके बाद मैं अपने भाई के साथ दुकान पर गया तो देखा की दुकान की शटर के दोनो ताले टूटे हुये थे। बाद मैं तथा मेरे भाई ने दुकान के अंदर जाकर देखा तो गल्ले के 25,000/- रूपये रखे थे जो नहीं मिले तथा फ्रीज में रखे खाने पीने का समान नहीं था। कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया।फरियादी की रिपोर्ट पर से तत्काल थाना हीरानगर पर अपराध धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तत्काल थाना प्रभारी हीरानगर द्वारा पुलिस की अलग-अलग टीमों का गठन किया जाकर, घटना स्थल के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज चेक किये तथा संदेहियों से पूछताछ की। इसी कड़ी में दिनांक 07.12.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सी.सी.टी.व्ही में दिखाई दे रहे संदिग्ध हाल मे कनकेश्वरी ग्राउण्ड के पास खड़े है, जिस पर से तत्काल पुलिस टीम का गठन किया जाकर मुखबिर के बताये स्थान एवं उसके हुलिये से अवगत कराकर बताये स्थान पर रवाना किया गया, जहां पर 02 व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा था, जो पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा गया उनके नाम पता पूछने पर बबलू सोनी एवं दिलीप बलाई बताया। आरोपी से उक्त अपराध के सम्बंध में कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने दिनांक 26/11/2024 को दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना कारित करना कबूला। आरोपियों के संबंध में विधिसम्मत कार्यवाही कर उनके कब्जे से * 13000/- रुपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त टॉमी एवं ओला स्कूटर बरामद की।* आरोपी से उक्त घटना के अतिरिक्त अन्य घटनाओ के संबंध मे भी पूछताछ की जा रही है। जिससे अन्य घटनाओं के संबंध में भी खुलासा होने की संभावना है।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज



# औद्योगिक इकाई, रहवासी और अस्पताल परिसर में सीसीटीवी सर्विलांस स्थापित करने के निर्देश

इंदौर । कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज रहवासी संघ, विभिन्न व्यापारी संगठनों, औद्योगिक इकाई, मार्केट संघों एवं अस्पताल प्रबंधकों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और सीसीटीवी कैमरों के सर्विलांस से निगरानी और सुरक्षा के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके लिए 15 सौ स्क्वेयर फीट से अधिक के रहवासी संघ परिसरों, औद्योगिक इकाई परिसर क्षेत्रों, ऐसे स्थान जहां लगभग 50 से अधिक लोगों की आवाजाही होती है, पर सतत निगरानी के लिए सीसीटीवी सर्विलांस एक्टिव किया जाना है। इसके तहत समस्त रहवासी संघ, औद्योगिक इकाई, मार्केट संचालक संघ और अस्पताल संचालक अपने संस्थानों के परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। उन्होंने बताया जिस प्रकार इन्दौर स्वच्छता में नंबर वन है, उसी प्रकार सुरक्षा के स्तर पर भी इन्दौर को नंबर वन बनाना है।



बैठक में आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर सुश्री ज्योति शर्मा, अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर सहित एसडीएम, नगर निगम के अधिकारी अधिकारी, रहवासी संघ, विभिन्न व्यापारी संगठनों, औद्योगिक इकाई, मार्केट संघों के प्रतिनिधि तथा अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त अस्पताल प्रबंधकों के साथ संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने औद्योगिक क्षेत्रों पालदा, पोलो ग्राउंड औद्योगिक इकाई संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।